पंजाब केसरी 30/09/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों को 'खुले में शौच से मुक्ति का महत्व' बतातीं मुख्य वक्ता। (देवदत्त)

विद्यार्थियों को बताया 'खुले में शौच से मुक्ति' का महत्व

अम्बाला, 29 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अगुवाई में एक व्याख्यान करवाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को 'खुले में शौच से मुक्ति का महत्व' बताया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एन.एस.एस. अधिकारी डा. सरोज बाला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच करने की प्रवृति भारत के विकास की अनेक चुनौतियों में से एक है। देश के सबसे बड़े अभियान स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य इस समस्या से निजात पाना है। हालांकि, भारत ने खुले में शौच को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी मध्य और पूर्वी राज्यों में यह प्रचलित है। इससे मुक्ति भारत की बहुत सी परेशानियों को समाप्त कर देंगी।

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि खुले में शौच एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है, जो बीमारी, गरीबी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है। उन्होंने कैडेट्स को प्रोत्साहित किया कि वे अपने गांव में सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक से जागरुकता फैलाएं। इस कार्यक्रम में 45 गर्ल्स कैडेट्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।